भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1122**
बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 / 22 अग्रहायण , 1945 (शक) को उत्तरार्थ

## राष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता विश्वविद्यालय

1122 # **श्री नीरज शेखरः**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता विश्वविद्यालय स्थापित करने की आवश्यकता है; और

(ख) यह विश्वविद्यालय मौजूदा सहकारिता शिक्षा व्यवस्था एवं प्रशिक्षण प्रणाली में किस प्रकार बदलाव लाएगा तथा इससे सहकारिता अभियान किस प्रकार लाभान्वित होगा?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क): सहकारिता के क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करने, सहकारी अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहित करने तथा संबद्ध संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से देश में सहकारी आंदोलन को सशक्त करने के लिए सहकारिता मंत्रालय एक राष्ट्र स्तरीय सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव पर कार्य कर रहा है ।

(ख): प्रस्तावित विश्वविद्यालय द्वारा संभावित रूप से सहकारी क्षेत्र के साथ समन्वयपूर्वक कार्य किया जाएगा और सहकारी क्षेत्र में प्रशिक्षित श्रमबल की स्थायी, पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह एक व्यापक, समेकित और मानकीकृत संरचना होगा जिससे कि मंत्रालय द्वारा किए गए विभिन्न पहलों का सफल कार्यान्वयन हो सकेगा । पेशेवर श्रमबल की आपूर्ति तथा मौजूदा कार्मिकों की क्षमता निर्माण सहकारी क्षेत्र को अर्थव्यवस्था के विभिन्न सेक्टरों में अधिक से अधिक योगदान करने में संभावित रूप से सहायक होगा ।

*****